MBBS, MD (Skin & VD)
FAM. Germany
Consultant: Geeta Bhawan Hospital Indore
Suyash Hospital Indore
Ex. Asst Proff Medical College Indore
Time: 4.30 pm to 8.30 pm

चिकित्सकीय सेवाएं

• कील-मुहांसे (Pimples), काली झांईयां (dark Circles, Melasma) • बालों का झड़ना बाल सफेद होना (Hair fall Greying) • सफेद दाग, एलर्जी, सोरायसिस (Vitiligo, Allergy, Proriasis) • शरीर पर खुजली होना (Eczema), हाथों व पैरों की त्वचा का फटना (Cracked Heals) • नाखुनों के रोग (Nail Disease), मुंह में छाले (Oral Ulcer) व बच्चों के चर्म रोग • कुष्ठ रोग (Leprosy) व गुप्त रोग

उपलब्ध सेवाएं

• एलर्जी टेस्ट (Allergy Testing) मस्से की सर्जरी (Moles & Wart Removal) • अनचाहे बालों का ईलाज (Laser Hair Removal) • लेजर फेशियल • Hair Treatment • टेटु रिमुवल (Tatto Removal) • चेहरे पर गड्ढों का उपचार (Scar Treatment) • PRP & Meso Treatment • सफेद दाग की सर्जरी (Vitiligo Surgery) • Anti Aging Treatment • Chemical Peeling

Email : dr.ankitkhandelwal13@gmail.com Vist us : www.skinandhairsolution.com

105, सिल्वर आर्क कॉम्पलेक्स, क्योरवेल हॉस्पिटल के पास, जंजीरवाला चौराहा, न्यू पलासिया, इन्दौर मोबाईल : 99810-63330

तनाव दूर भगाए बांसुरी योग

जिस बांसुरी की धुन में भगवान कृष्ण गोपियों और पशु-पक्षियों को मोहपाश में बांध लिया करते थे, उसका उपयोग आज की जीवनशैली से होने वाले तनाव को दूर करने के लिए भी किया जा सकता है। जीं हां दिल और दिमाग को सुकून देने वाली बांसुरी से आप अपने तनाव को भी दूर कर सकते हैं। यानी बांसुरी की धुन आपके तनाव को दूर करने में सहायक साबित हो सकती है। इस आसन को बांसुरी योग कहा जाता है। आइए जानें आखिर क्या है बांसुरी योग और इससे तनाव को कैसे दूर किया जा सकता है।

बांसुरी योग पारम्परिक योग का मिलाजुला रूप है। इस योग में बांसुरी की धुनों पर सांसों पर नियंत्रण का अभ्यास किया जाता है। यह योग और बांसुरी का मेल है जो 40 मिनट के सेशन में मानसिक तनाव को कम करता है और आराम पहुंचाता है। इस योग के माध्यम से आपको करीब आठ घंटे की नींद तक का आराम मिल सकता है।

बांसुरी योग की विधि

बांसुरी योग करने के लिए सीधे खड़े हो जायें और दोनों हाथों को दोनों तरफ 90 डिग्री के कोण पर रखें। फिर बांसुरी की धुन पर हाथों को गोलाकार घुमाएं। इसके बाद ओंकार शब्द का उच्चारण करें। इसी मुद्रा में कुछ देर तक ध्यान की मुद्रा में बैठे रहें।

बांसुरी योग के लाभ

इस योग से आपकी थकान और तनाव तो कम होता ही है, साथ ही यह शारीरिक और मानसिक रूप से भी काफी मददगार होता है।

डॉ. प्रसाद आर. पाटगॉवकर

M.B.B.S, M.S. (Ortho) DNB (Ortho)
MNAMS, FISS, FIPM, FIASS (Germany)

Fellowships : Neuro - Spinal Surgery, Lilavati Hospital, Mumbai.
Spinal Deformity Reconstruction.
SRH Klinikum, Germany.
Interventional Pain Management, Kolkata.
Endoscopic Spine Surgery, Pune.

स्पाइन सर्जन (रीढ़ की हड्डी के विशेषज्ञ)

विशेषताएं :- स्लिप डिस्क, कमर दर्द एवं सायटिका, इंटरवेंशनल पेन मेनेजमेंट (रीढ़ में इंजेक्शन), माइक्रो डिस्केक्टोमी, एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी (दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन), स्क्रु एवं रॉड फिक्सेशन, कुबड़ के ऑपरेशन, सरवाईकल स्पाईनल सर्जरी

पूर्व समय लेकर परामर्श लें।

इन्दौर स्पाइन सेंटर

ग्लोबल एस.एन.जी. हॉस्पिटल, इन्दौर
16/1,साऊथ तुकोगंज, इन्दौर फोन : 0731-4219191

Mob. 8889844448
Email : spineprasad@gmail.com,
www.indorespinecentre.com

कोकोनट मिल्क पैक से बालों की स्ट्रेटनिंग

बालों को स्ट्रेट करने के लिए आपको बाजार के मंहगे कैमिकल भरे उत्पाद लगाने की जरूरत नहीं है। आप घर पर ही अपने बालों को नारियल दूध से स्ट्रेट कर सकती है। नारियल दूध लगाने से हमारे बाल मज़बूत,लंबे और घने होते हैं। हमारे बालों की ग्रोथ के लिए शरीर में प्रोटीन की भरपूर मात्रा जरूरी होती हैं, क्योंकि बाल प्रोटीन और कैरोटिन से मिलकर बनते हैं।

खराब बालों के लिए भी नारियल का दूध बहुत अच्छा होता हैं। यह बालों की जड़ों को पोषण देकर उन्हें मजबूत करता हैं। यदि आपके बाल अधिक उलझे हुए हैं तो इन्हें सुलझाने के लिए आप नारियल के दूध का उपयोग करें।

बालों को स्ट्रेट करने का यह एक और प्रभावी नुस्खा है। समान मात्रा में नींबू का रस और नारियल का दूध मिलाकर पैक बना लें। इसको बालों पर लगाकर सूख जाने तक रखें और उसके बाद गुनगुने गर्म पानी से धो लें।

आप नारियल को किसकर तथा ब्लेंड करके इससे दूध निकाल सके हैं। इसमें नींबू के रस की कुछ बूँदें मिलाएं और रात भर फ्रिज में रख दें। अगली सुबह आप पाएंगी कि इस मिश्रण से एक क्रीमी परत बन गयी है। अब इसे बालों और सिर की त्वचा पर लगाएं।

इसके बाद सिर को एक गर्म तौलिये से लपेट लें और एक घंटे के लिए छोड़ दें। अब बालों को पानी से धो लें और एक चौड़े दांतों वाली कंघी का प्रयोग बाल बनाने के लिए करें। अच्छे परिणामों के लिए इस विधि का प्रयोग हफ्ते में कम से कम तीन बार करें।

नींबू और नारियल का दूध घुंघराले बालों को मुलायम बना कर उन्हें सीधा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा नारियल का दूध बालों को नमी देता है और बालों में शाइन भरता है। यह बालों को रूसी से भी बचाता है।

नारियल दूध में आयरन और मैगनींज भी होता हैं। ये सभी तत्व बालों को मजबूत और स्वस्थ बनाते हैं और इसका प्रयोग करने से बालों का झड़ना और टूटना भी बंद हो जाता हैं। आप अपने बालों को बचाने के लिए नारियल हेयर पैक का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

अविरल यूरोलॉजी एवं लेप्रोस्कोपी क्लीनिक

डॉ. पंकज वर्मा

M.B.B.S., M.S.
Fellowship in Urology
Fellowship Laparoscopy Surgery

M.8889939991

Email : drpankajverma08@gmail.com

विशेषज्ञ : मूत्र रोग से संबंधित ऑपरेशन, गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नली पथरी, पेशाब में रूकावट, हर्निया, प्रोस्टेट, गुर्दे के ऑपरेशन, पित्ताशय की पथरी, दूरबीन पद्धति एवं लेजर द्वारा समस्त बीमारियों के ऑपरेशन

क्ली.19 पलसीकर कॉलोनी (महाराष्ट्र बैंक के पास), इन्दौर

समय : सुबह : 11 से 2 शाम : 6 से 9 बजे तक

हेल्थ इंश्योरेंस और आप

आज की तारीख में इंश्योरेंस की महत्ता से कोई भी अंजान नहीं है। खासकर जब बात हेल्थ इंश्योरेंस की, की जाए तो हम सभी सजग रहने में ही समझदारी समझते हैं। बावजूद इसके हममें से कई ऐसे लोग हैं जो किसी भी समय हेल्थ इंश्योरेंस ले लेते हैं। यही नहीं वे हेल्थ इंश्योरेंस लेने से पहले उसकी तुलना करना भी जरूरी नहीं समझते। परिणामस्वरूप वे या तो कम फायदा हासिल कर पाते हैं या फिर उन्हें नुकसान झेलना पड़ता है। सवाल उठता है कि हेल्थ इंश्योरेंस लेने से पहले किन बातों का ख्याल रखना चाहिए? आइये इन्हीं बातों पर एक नजर डालते हैं।

सही समय पर एनरोल करें

अगर आप किसी कंपनी की बजाय खुद ही हेल्थ इंश्योरेंस ले रहे हैं तो सही समय पर ही एनरोल करें। इसके लिए आप इंटरनेट की मदद ले सकते हैं या फिर इंश्योरेंस पालिसी बेचने वालों की सलाह ली जा सकती है। किसी भी समय को हेल्थ इंश्योरेंस लेने को उपयुक्त कतई न मानें।

गुणवत्ता पर ध्यान दें

मौजूदा समय में तमाम ऐसी वेबसाइटें हैं जिनके जरिये हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों की तुलना कर सकते हैं। इसके लिए आपको चाहिए कि आप उनकी रेटिंग चेक करें, दूसरों के कंपनी विशेष सम्बंधी विचार पढ़ें। इससे आप घाटे से बच सकते हैं।

आटो रीन्यू न करें

तमाम कंपनियां खुद ही आपके प्लान को रीन्यू कर देती हैं। ऐसा न करने दें। हमेशा अपनी मौजूदा आय के हिसाब से ही हेल्थ इंश्योरेंस का ध्यान रखें। इसके साथ ही अपनी मौजूद वित्तीय स्थिति को भी जहन में रखें। इससे आप बेहतर हेल्थ इंश्योरेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे।

आटोमेटिक रिप्लेसमेंट प्लान से दूर रहें

कई बार कंपनियां आपके हेल्थ इंश्योरेंस प्लान को बिन आपसे पूछे अन्य प्लान में रिप्लेस कर देती हैं। ऐसा होने से रोकें। दरअसल आपको इसके लिए सतर्क रहना होगा और हमेशा अपनी हेल्थ इंश्योरेंस की स्थिति पर नजर रखनी होगी। खुद ही बेहतर प्लान का चयन कर रिप्लेसमेंट के लिए कहें। कंपनी पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

सुविधा अनुसार हेल्थ इंश्योरेंस पर नजर रखें

यदि आपको हड़बड़ी न हो तो अपनी सुविधा को प्राथमिकता दें और सही हेल्थ इंश्योरेंस करने का इंतजार करें। मतलब कहने का यह कि सही प्लानिंग करें, उसके बाद उसे अमलीजामा पहनाएं। मसलन आप शिशु जन्म के हेल्थ इंश्योरेंस का रजिस्ट्रेशन पहले से ही कर सकते हैं। अतः इसके लिए आपके पास काफी समय होता है। सो, प्लानिंग कर उसे साकार रूप दिया जा सकता है।

तुरंत नए प्लान को न लपकें

यह ठीक वैसा ही है जैसे कि आप इमर्जेंसी में डाक्टर के पास जाते हैं तो ज्यादा पैसा देकर आते हैं। इसी तरह यदि आप नए प्लान को लपकते हैं तो उसमें आपको अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है और तुलनात्मक रूप से लाभ कम मिलता है।

इसके अलावा कई बार प्लान के लाभ सुनकर हम इतने खुश हो जाते हैं कि उसकी पाबंदियों पर नजर ही नहीं दौड़ाते। जबकि ऐसा करने से भविष्य में उसके खामियाजे भुगतने पड़ते हैं। मसलन यदि आपने कोई हेल्थ इंश्योरेंस प्लान खरीदा है मगर उसमें मैटरनिटी प्लान नहीं है तो भविष्य में यह आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

National Phyiotherapy & Rehabilitation Center

Dr. R.P. Uikey

B.P.T., CMT (MANUAL THEPY)
PGDRS Rehed. Psychology
consultant physlotherapist & fitness advisor
Timing : Morning 9.00 A.m. TO 1.00 P.m
Evening Time 5.00 P.m. TO 8.30 P.m Sunday Closed
Email : rampluikey1989@gmail.com

जहां आपको मिलेगा अत्याधुनिक मशीनो से सम्पूर्ण इलाज

Exercise Therapy

- Cold Therapy
- Therama Therapy
- Interferential Therapy
- Muscle stumlation
- Ultra Therapy
- Laser Therapy
- TENS
- Shortwave Diathermy
- UVR

- घुटनों का दर्द
- पीठ का दर्द
- कमर का दर्द
- गर्दन का दर्द
- सर्वाइकल स्पॉन्डिलिसीस

- न्यूरोलॉजिकल प्राब्लम
- पेरेलायसिस लकवा
- सेरीब्रलपालसी
- मसक्यूलर डिसट्रोफी

- नर्व इन्जूरी
- ऑसटीओअर्थरायटि
- रीमोटोईड अर्थरायटिस
- फोजन भोल्डर
- लींगामेंट इन्जूरी

- सायटिका
- मसल स्प्रेन
- मसल स्टीफनेस
- स्पोर्ट इन्जूरी
- सेन्सरी प्राब्लम

पताः सी.एच 276, स्कीम नं. 74 सी ॲपोला हास्पिटल एवं पानी की टंकी के पीछे, विजय नगर, इन्दौर म.प्र.

Contact : 9774804135, 9522335512

स्वास्थ्य को प्रभावित करता है साइबर सिकनेस

अभी तक स्मार्टफोन की लत और मोबाइल की रिंगटोन के डर के बारे में बात हो रही थी। लेकिन अब साइबर सिकनेस नाम की बीमारी ने भी हमला कर दिया है। इस हमले ने चिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है जिससे जाहिर हो जाता है कि ये काफी चिंतनीय स्थिति है। हालत इसलिए भी गंभीर हो रही है क्योंकि कंप्यूटर पर काम करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बच्चे से लेकर बूढ़े तक घंटों कंप्यूटर के सामने बिताते हैं। आइए इस लेख में साइबर सिकनेस के बारे में विस्तार से चर्चा करते हैं।

कंप्यूटर स्क्रीन से लगता है डर

कई बार सुनने में आता है कि फलाना इंसान को कार की स्पीड से डर लगता है। किसी को पहाड़ की ऊंचाई से तो किसी को समुद्र की गहराई को देखकर डर लगता है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि किसी इंसान को कंप्यूटर के सामने बैठ कर डर लगता है। हां, ऐसा हो रहा है। कुछ लोगों में हाल ही में ये समस्या देखने को मिल रही है कि उन्हें कम्प्यूटर की स्क्रीन के सामने बैठते ही चक्कर आने लगते हैं। विशेषज्ञ इसकी वजह नींद पूरी ना होने और कम नींद को मान रहे हैं। साथ ही आज की बदलती जीवनशैली में अव्यवस्थित खान-पान भी इसकी वजह है।

डिजिटल मोशन सिकनेस

वहीं दूसरी तरफ कोवेंट्री यूनिवर्सिटी के साइकलोजिस्ट व मस्तिष्क शोधकर्ता कहते हैं कि अगर आपको कम्प्यूटर स्क्रीन पर घण्टों काम करने के बाद चक्कर आना व सिर भारी होना जैसी शिकायते होती हैं तो आप 'डिजिटल मोशन सिकनेस' के शिकार हैं।

ये समस्या बिल्कुल उसी तरह है जब आपको कार, बोट या हवाई जहाज से यात्रा करते हुए सिर घूमने व चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बिल्कुल इसी तरह जब आप कम्प्यूटर स्क्रीन के सामने बैठते हैं और स्क्रीन पर स्क्रोल अप और स्क्रोल डाउन जैसी एक्टीविटी करते हैं तब आपको चक्कर आने जैसा एहसास हो तो आप डिजिटल मोशन सिकनेस या साइबर सिकनेस के शिकार हैं।

चिंताजनक स्थिति

शरीर के बिना मूवमेंट के दौरान जब हमारा दिमाग यह मानने लगे कि वो रफ्तार में चल रहा है तो स्थिति चिंताजनक है। ऐसी स्थिति में दिमाग और शरीर के बीच में कशमकश बनी रहती है जो आपके शरीर के स्थिर रहते हुए भी आपको मूवमेंट होने का एहसास दिलाती है।

साइबर सिकनेस के लक्षण

- सिर में दर्द होना
- चक्कर आना
- नींद ना आना
- आखों में जलन होना
- ज्यादा मात्रा में शरीर से पसीना आना
- चीजों पर फोकस नहीं कर पाना

साइबर सिकनेस से बचाव के उपाय

- कम्प्यूटर स्क्रीन पर काम करते वक्त बीच बीच में कुछ समय का ब्रेक लें।
- बहुत ज्यादा लम्बे समय तक मूवी ना देखें और वीडियो गेम ना खेलें।
- स्क्रीन पर देर तक फोकस करने से बचें।
- चक्कर आने से बचने के लिए कुछ मीठी चीज़ खाते रहें।

Dr. Vandana Bansal M.S (Surgery) FAIS, FIAGES

Consulting General Surgeon for Women Breast Clinician

Breast Disease, Pile & Fissure, Fistula, Varicose Veins (from Laser),
Laparoscopic Surgeon for Hernia Abdominal Surgeries,
Facility for total body composition Analysis Available for Malnourished &
Obese person with Reference to Special Consultation

107, Saphire House sapna Sangeeta Road, Indore Ph: (0731-2462696) Mob. 98272-67696
Website: www.breastclinicindore.in, Email: Drvandanabansal2002@yahoo.co.in

पुरुषों के लिए एंटी-एजिंग के प्राकृतिक उपाय

अब खूबसूरत दिखाई देने की चाहत सिर्फ महिलाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पुरुष भी अपने लुक को लेकर काफी सजग हो गए हैं। चेहरे पर आते उम्र के निशान उन्हें भी उतना ही परेशान करते हैं जितना कि किसी महिला को। पुरुष भी अब जवां बने रहने और जवां दिखाई देने के लिए हर सम्भव कोशिश करने को तैयार हैं। पुरुषों की इस चाहत और जरूरत को देखते हुए कई ऐसे तरीके आ गए हैं, जो पुरुषों को लम्बे वक्त तक जवां बने रहने में मदद करते हैं। ये तरीके खास तौर पर पुरुषों को ध्यान में रखकर ही तैयार किए गए हैं।

हालांकि, उम्र के असर की निशानियां जैसे लकीरें और झुर्रियां आजकल के पुरुषों को परेशान करती रहती हैं। लेकिन, कुछ पुरुष सर्जरी करवाकर इन्हें हटाना नहीं चाहते। ऐसे लोगों के लिए ही कुछ उपाय हैं जो बेहद असरदार हैं। आइए जानें ऐसे ही पांच शानदार उपायों के बारे में-

धूम्रपान को कहें ना

धूम्रपान से आपके शरीर पर उम्र का असर जल्द दिखायी देने लगता है। धूम्रपान का आपके शरीर पर बहुत बुरा असर पड़ता है। और यही लक्षण आपकी त्वचा पर भी परिलक्षित होने लगते हैं। जब आपकी त्वचा सिगरेट से निकलने वाले धुएं के संपर्क में आती है,तो उसे काफी नुकसान होता है। यह प्राकृतिक रूप से स्वस्थ त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उसकी ऊपरी परत को नष्ट कर देती है। इससे त्वचा को जवां बनाए रखने वाला एलस्टिन प्रोटीन भी खत्म हो जाता है। धूम्रपान करने से आपके चेहरे पर झुर्रियों का असर जल्द नजर आने लगता है। सिगरेट में मौजूद निकोटिन रक्त कोशिकाओं को सिकोड़ देता है। इससे शरीर में ऑक्सीजन और जरूरी पोषण सही मात्रा में नहीं पहुंच पाते। अगर आप एक स्वस्थ और जवां त्वचा चाहते हैं तो सबसे पहले आपको धूम्रपान से तौबा करनी चाहिए।

व्यायाम कीजिए जवां रहिये

नियमित व्यायाम करना आपके शरीर की शक्ति और कार्यक्षमता बढ़ाता है। इससे आपकी त्वचा भी अधिक कसी हुई रहती है। नियमित व्यायाम न करने और असंतुलित जीवनशैली अपनाने से आपके शरीर की कार्यप्रणाली धीमी हो जाती है और इसका असर उम्र अधिक दिखने के तौर पर सामने आने लगता है। व्यायाम से आपके शरीर में रक्त-संचार सुचारू रूप से होता है। और शरीर के हर अंग को पर्याप्त मात्रा में रक्त मिलता है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है तो कई बार टांगों और हाथों को पूरी पोषण नहीं मिल पाता। व्यायाम के दौरान आपके शरीर से पर्याप्त मात्रा में पसीना निकलता है। इस पसीने के जरिये आपके शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे शरीर का प्राकृतिक माश्चराइजर सीबम ऑयल भी बाहर निकलता है।

भरपूर नींद लीजिए

अगर आप भरपूर नींद लेते हैं तो आपको उम्र के असर को दूर रखने में काफी मदद मिल सकती है। अगर आप अच्छी नींद सोते हैं तो आपकी सेहत भी अच्छी रहती है। कोशिश करें कि आपके सोने और उठने का समय एक जैसा हो।

मई-2016

नशा मुक्ति विशेषांक

सेहत एवं सूरत

राष्ट्रीय मासिक स्वास्थ्य पत्रिका

पत्रिका नहीं संपूर्ण अभियान, जो रखेगी पूरे परिवार का ध्यान...

डॉ. सुष्मिता मुखर्जी एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ., एम.डी., डी.एन.बी., एफ.आई.सी.ओ.जी.

(गोल्ड मेडलिस्ट - कलकत्ता युनिवर्सिटी)
लेप्रोस्कोपी सर्जन एवं जटिल प्रसूति
संतान विहिनता, स्त्री रोग विशेषज्ञ
जटिल गर्भावस्था

GENESIS

विशेषताएं

• लेप्रोस्कोपी-दूरबीन द्वारा बच्चेदानी तथा अन्य गठानों का ऑपरेशन • संतान विहिनता • आईवीएफ टेस्ट ट्यूब बेबी
• बिना टाकों का बच्चेदानी का ऑपरेशन • आईयूआई • जटिल गर्भावस्था • हिस्टेरोस्कोपी • पेनलेस लेबर

Clinic : Shop No. 310, 3rd Floor, The Mark Building, Near Saket Chouraha, Indore
Mob.: 9203912300, 9826013944 Time: Morning 12.00 to 2.30 pm.
Website: www.ivflaparoscopyindore.com, e-mail: sushm20032003@yahoo.com

Subscription Details

भारत में कहीं भी रह रहे आपके प्रियजन/परिजन को सेहत एवं सूरत की सदस्यता उपहार स्वरूप देने हेतु सादर संपर्क कर सकते हैं। विदेश में रह रहे आपके प्रियजन/परिजन को सेहत एवं सूरत की सदस्यता उपहार स्वरूप ई-मेल द्वारा भेजी जा सकती है। कृपया आपका अनुरोध हमें मेल करें।

drakdindore@gmail.com

Visit us : www.sehatsurat.com www.facebook.com/sehatevamsurat

for 1 Year Rs. **200/-**
and you have saved Rs. **40/-**

for 3 Year Rs. **600/-**
and you have saved Rs. **120/-**

for 5 Year Rs. **900/-**
and you have saved Rs. **300/-**

पंजीयन हेतु संपर्क करें-

गौरव पाराशर
8458946261

प्रमोद निरगुड़े
9165700244

पहला सुख निरोगी काया, क्या आपने अभी तक पाया

अब आप पा सकते हैं अत्यंत कम शुल्क पर आपके स्वास्थ्य एवं सूरत को बनाए रखने की सम्पूर्ण सामग्री !

सेहत एवं सूरत आपके पते पर प्राप्त करने का आवेदन पत्र

मैं. ..... पिता/पति .....

मो. नं. .....

पूरा पता .....

.....

पिनकोड ..... ई-मेल .....

राष्ट्रीय स्तर की मासिक स्वास्थ्य पत्रिका सेहत एवं सूरत का एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष ☐ हेतु सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं, जिसके लिए निर्धारित एक वर्ष के लिए शुल्क 200 रुपए, तीन वर्ष के लिए 600 रुपए पांच वर्ष के लिए 900 रुपए नकद/चेक/ड्राफ्ट द्वारा निम्न पते पर भेज रहा/रही हूं।

दिनांक .....

वैधता दिनांक .....

राशि ..... रसीद नं. .....

द्वारा .....

राष्ट्रीय मासिक स्वास्थ्य पत्रिका
सेहत एवं सूरत
8/9, मयंक अपार्टमेंट, मनोरमागंज, गीताभवन मंदिर रोड, इंदौर
मोबाइल-98260 42287, 94240 83040
email : sehatsuratindore@gmail.com, drakdindore@gmail.com

आपकी सुविधा हेतु आप सदस्यता शुल्क बैंक ऑफ बड़ौदा के एकाउंट नं. 33220200000170 में भी जमा करवा सकते हैं।

कृपया चेक एवं डीडी 'सेहत एवं सूरत' के नाम से ही बनाएं।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें - एम.के. तिवारी **9993772500, 9827030081,** Email: mk.tiwari075@gmail.com

विज्ञापन के लिए पियुष पुरोहित से संपर्क करें - **9329799954**, Email: accren2@yahoo.com

एक जैसी दिखने वाली तीन अलग-अलग बिमारियां -

मस्से (वार्ट्स), मीलिया, मोलेस्कम का होम्योपैथी द्वारा सफल उपचार

एडवांस्ड होम्यो-हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च प्रा.लि.

9826042287,
9424083040,
9993700880

ई एन टी क्लिनिक एण्ड एंडोस्कॉपी सेन्टर

डॉ. विशाल हंसराजानी

एम.बी.बी.एस., डी.एल.ओ. डी.एन.बी. ई.एन.टी. (मुम्बई)
नाक, कान, गला, विशेषज्ञ
मो. 98932-93699
Email: drhansrajani21@gmail.com
EX. REGISTRAR
Bhabha Atomic Research Centre, Mumbai.
ESIC Hospital, Parel, Mumbai.

नाक, कान, गले की दूरबीन द्वारा जांच सुविधा उपलब्ध

नाक
• साइनसाइटिस • नाक की हड्डी का टेडापन • नाक से सॉस लेने में कढ़िनाई
• लगातार छीके आना • ऐलर्जी • गंध नही आना • नाक से खून आना

कान
• कान बहना • कान में दर्द • कम सुनाई देना • चेहरे की नस की कमजोरी
• पर्दे में छेद • चक्कर आना • कान में सन्सनाहट

गला
• मुह या गले में छाला / गठान • बारम्बार गले में सूजन / टॉन्सील्स
• खाने या सॉस लेने में परेशानी • आवाज का भारीपन / बदलना
• खराटे • थायराईड / गले की गठान • हकलाना

101, रॉयल ग्लोरी, नियर डोमिनोस पिज्जा, सयाजी चौराहा, विजय नगर, इन्दौर
Mob:. 9893293699 Vist us: www.entspecialistindore.com

क्यों ना जान बचाने वाला खाना सस्ता हो

अमेरिका में फास्ट फूड का चलन और इससे बढ़ रही मोटापे की समस्या से निपटने के लिए अनुसंधानकर्ताओं ने खास सुझाव पेश किया है।

दशकों से वैज्ञानिक लोगों को स्वस्थ भोजन के फायदे और फास्ट फूड के नुकसान समझाने की कोशिश में लगे हैं। लेकिन फिर भी इस समय अमेरिका में पहले किसी भी समय से ज्यादा लोग मोटापे के शिकार हैं। देश की एक तिहाई से ज्यादा आबादी मोटापे की चपेट में है। रिसर्चरों ने अधिकारियों को सलाह दी है कि वे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद खाने के दाम घटा दें ताकि ज्यादा लोगों को दिल की बीमारियों और मोटापे से जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण होने वाली मौत के खतरे से दूर रखा जा सके।

उनके मुताबिक सब्जियों और फल इत्यादि के दाम घटाकर, सोडा और अन्य शुगर ड्रिंक्स के दाम बढ़ा देने चाहिए। इससे लाखों लोगों को स्वास्थ्य संबंधी फायदा होगा। रिपोर्ट को तैयार करने वाले हारवर्ड के प्रोफेसर थॉमस गैजियानो के मुताबिक, 'डायट में परिवर्तन करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर अपने चुनाव से इसे हासिल किया जाए या फिर बाजार में परिवर्तन से हासिल किया जाए, तो इसका आपके दिल और स्वास्थ्य पर गहरा असर होगा।'

अनुसंधानकर्ताओं ने एक ऐसा कंप्यूटर मॉडल तैयार किया जिसके मुताबिक सब्जियों और फलों के दामों में 10 फीसदी कमी करके, पांच साल में, हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली मौतों में 1.2 फीसदी की कमी लाई जा सकती है। इन तरीकों को अपनाकर 20 साल में दिल के दौरे में 2.6 फीसदी और पक्षाघात के मामलों में 4 फीसदी कमी हो सकती है।

इसके साथ ही अगर सोडा और चीनी युक्त ड्रिंक्स की कीमत 10 फीसदी बढ़ा दी जाए तो अगले 20 साल में हृदय रोगों से मरने वालों की संख्या 0.1 फीसदी घट सकती है। कंप्यूटर मॉडल के मुताबिक दोनों तरीके अपनाकर अगले 20 साल में इन बीमारियों से मरने वालों की संख्या 515,000 तक घटाई जा सकती है और दिल के दौरे के 675,000 मामलों को टाला जा सकता है। लोगों को ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों के इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

क्या है ऑटिज्म

ऑटिज्म मस्तिष्क के विकास में बाधा डालने और विकास के दौरान होने वाला विकार है। ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्ति बाहरी दुनिया से अनजान अपनी ही दुनिया में खोया रहता है। व्यक्ति के विकास संबंधी समस्याओं में ऑटिज्म तीसरे स्थान पर है यानी व्यक्ति के विकास में बाधा पहुंचाने वाले मुख्य कारणों में ऑटिज्म भी जिम्मेदार है।

ऑटिज्म को कई नामों से जाना जाता है जैसे स्वलीनता, मानसिक रोग, स्वपरायणता। हर साल 2 अप्रैल को आटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2007 में दो अप्रैल के दिन इसकी शुरुआत की थी

ऑटिज्म के लक्षण

- ऑटिज्म के दौरान व्यक्ति को कई समस्याएं हो सकती हैं, यहां तक कि व्यक्ति मानसिक रूप से विकलांग हो सकता है।
- ऑटिज्म के रोगी को मिर्गी के दौरे भी पड़ सकते हैं।
- कई बार ऑटिज्म से ग्रसित व्यक्ति को बोलने और सुनने में समस्याएं आती हैं।
- ऑटिज्म जब गंभीर रूप से होता है तो इसे ऑटिस्टिक डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है लेकिन जब ऑटिज्म के लक्षण कम प्रभावी होते हैं तो इसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर के नाम से जाना जाता है। एएसडी के भीतर एस्पर्जर सिंड्रोम शामिल है।

ऑटिज्म का प्रभाव

- ऑटिज्म पूरी दुनिया में फैला हुआ है।
- दुनियाभर में प्रति दस हजार में से 20 व्यक्ति इस रोग से प्रभावित होते हैं।
- वर्ष 2010 तक विश्व में तकरीबन 7 करोड़ लोग ऑटिज्म से प्रभावित थे।
- इतना ही नहीं दुनियाभर में ऑटिज्म प्रभावित रोगियों की संख्या मधुमेह, कैंसर और एड्स के रोगियों की संख्या मिलाकर भी इससे अधिक है।
- ऑटिज्म प्रभावित रोगियों में डाउन सिंड्रोम की संख्या अपेक्षा से भी अधिक है।
- लेकिन कई शोधों में यह भी बात सामने आई है कि ऑटिज्म महिलाओं के मुकाबले पुरूषों में अधिक देखने को मिला है। यानी 100 में से 80 फीसदी पुरूष इस बीमारी से प्रभावित हैं।

बच्चों में ऑटिज्म की पहचान

बच्चों में इसको आसानी से पहचाना जा सकता है। बच्चों में ऑटिज्म के कुछ लक्षण इस प्रकार हैं

- कभी-कभी किसी भी बात का जवाब नहीं देते या फिर बात को सुनकर अनसुना कर देते हैं। कई बार आवाज लगाने पर भी जवाब नहीं देते।
- किसी दूसरे व्यक्ति की आंखों में आंखे डालकर बात करने से घबराते हैं।
- अकेले रहना अधिक पसंद करते हैं, ऐसे में बच्चों के साथ ग्रुप में खेलना भी इन्हें पसंद नहीं होता।
- बात करते हुए अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं करते या फिर अंगुलियों से किसी तरह का कोई संकेत नहीं करते।
- बदलाव इन्हें पसंद नहीं होता। रोजाना एक जैसा काम करने में इन्हें मजा आता है।
- यदि कोई बात सामान्य तरीके से समझाते हैं तो इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं देते।
- बार-बार एक ही तरह के खेल खेलना इन्हें पसंद होता हैं।
- बहुत अधिक बेचैन होना, बहुत अधिक निष्क्रिय होना या फिर बहुत अधिक सक्रिय होना। कोई भी काम एक्सट्रीम लेवल पर करते हैं।
- ये बहुत अधिक व्यवहार कुशल नहीं होते और बचपन में ही ऐसे बच्चों में ये लक्षण उभरने लगते हैं। बच्चों में ऑटिज्म को पहचानने के लिए 3 साल की उम्र ही काफी है।
- इन बच्चों का विकास सामान्य बच्चों की तरह ना होकर बहुत धीमा होता है।

ऑटिज्म होने के कारण

अभी तक शोधों में इस बात का पता नहीं चल पाया है कि ऑटिज्म होने का मुख्य कारण क्या है। यह कई कारणों से हो सकता है। अनुशोधों के अनुसार ऑटिज्म होने के कई कारण हो सकते हैं जैसे-

- मस्तिष्क की गतिविधियों में असामान्यता होना
- मस्तिष्क के रसायनों में असामान्यता
- आनुवंशिक आधार
- परिणाम बताते हैं कि कम अंतराल पर हुई गर्भावस्थाओं से जन्म लेने वाले बच्चों में ऑटिज्म विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है

इस बीमारी को पहचानने का कोई निश्चित तरीका नहीं है, हालांकि जल्दी इसका निदान हो जाने की स्थिति में सुधार लाने के लिए कुछ किया जा सकता है। यह बीमारी दुनिया भर में पाई जाती है और इसका गंभीर प्रभाव बच्चों, परिवारों, समुदाय और समाज सभी पर पड़ता है।

उपचार

ऑटिज्म के उपचार के अनेक तरीके हैं। इनमें स्क्रीनिंग टूल, बिहेवियर प्रोग्राम, इमिटेशन एक्सरसाइज, दवाओं आदि का इस्तेमाल किया जाता है। डॉक्टर मानते हैं कि ऑटिज्म रोगी की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि इस पर काबू पाया जा सके और बच्चों की इसकी तकलीफ से मुक्ति दिलाई जा सके। ऑटिज्म के इलाज के मुख्य उद्देशय है कि रोगी में ऑटिज्म के लक्षणों को कम करके उनमें सीखने की क्षमता का विकास किया जाए।

दवाएं

कोई भी दवाएं ऑटिज्म के लक्षणों को नहीं ठीक कर सकती हैं लेकिन कुछ निश्चित दवाएं उन्हें नियंत्रित जरूर कर सकती हैं। जैसे अवसाद, उत्तेजक होना, खुद को नुकसान पहुंचाने वाली प्रवृत्ति, अत्यधिक गुस्सा आदि समस्याओं में दवाएं दी जाती हैं। इससे रोगी में इस प्रकार के लक्षणों पर काबू पाया जा सकता है।

ऑक्यूपेशनल थेरेपी : ऑटिज्म के उपचार हेतु ऑक्युपेशनल थेरेपी एक महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्यती है। जो कि भारत में भले ही कम स्थानो पर लेकिन उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बच्चों को सेंसरी इंटीग्रेशन, डेवलपमेंटल थेरेपी एवं फाइन मोटर एक्टिविटीस के जरिए सामान्य जीवन जीने की कला को विकसित किया जाता है, बच्चों को अपनी दैनिक कामों में आत्म निर्भर बनाने में इस चिकित्सा पद्यति का अहम रोल है।

डॉ. भविन्दर सिंह
एमओटी (न्यूरोलॉजी)
एचओडी, एसएआईएमएस

बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए समय रहते ध्यान दें।

- क्या आपके बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक समय के साथ नहीं हो रहा है?
- क्या आपके बच्चे को सेरेब्रल पाल्सी या ऑटिज्म जैसी कोई समस्या है?
- क्या आपके बच्चे का व्यवहार कुछ असामान्य लगता है?

बच्चों की समस्या बहुत ज्यादा डरना या गुस्सा करना, पढ़ने में बिल्कुल भी मन नहीं लगना, याद रखने, लिखने में कठिनाई, परिवार के साथ, स्कूल में बच्चों के साथ तालमेल न बैठा पाना, किसी काम को एक जगह बैठकर/टिककर न कर पाना, बोलने, खाने या निगलने में कठिनाई, अपने आप में खोया रहना, बार-बार बिस्तर में पेशाब करना, इन सारी समस्याओं का पुनवास, समय रहते सही दिशा में संभव है।

Dr. Bhavinder Singh
Occupational Therapist
H.O.D. SAIMS
BOT, PGDPC,
M.A.(Psychology),
MOT (Neuro Sciences)

एक ऐसा सेन्टर जहाँ सिर्फ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा व्यवहार का परीक्षण करके उचित सलाह दी जाती है एवं एक्सरसाईज तथा आक्युपेशनल थेरेपी द्वारा ट्रीटमेंट किया जाता है।

सेन्टर फॉर मेन्टल हेल्थ एण्ड रीहेबिलिटेशन (समय शाम 5 से 9 बजे तक)
एफ- 25, जौहरी पैलेस, टी.आई मॉल के पास, एम.जी. रोड़, इन्दौर मोबाइल: 98934-43437

सिंहस्थ
विक्रम संवत् 2073

प्रिय श्रद्धालुगण,

यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे मध्यप्रदेश के साढ़े सात करोड़ नागरिकों की ओर से आपको सिंहस्थ 2016 के पावन अवसर पर आमंत्रित करने का अवसर मिला है। श्रद्धा एवं विश्वास का यह महापर्व पावन नगरी उज्जैन में 22 अप्रैल से 21 मई 2016 तक आयोजित होगा। सिंहस्थ जीवन का वह एकमात्र अवसर है जहाँ स्वयंभू महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन, मोक्षदायी पुण्य सलिला क्षिप्रा में स्नान तथा आनंददायी आध्यात्मिक संगम सब कुछ एक साथ संभव हो पाता है।

सिंहस्थ में अनेक देशों तथा पूरे भारत से श्रद्धालु आते हैं। क्षिप्रा के अमृत से साक्षात्कार आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

आस्था एवं अध्यात्म का अद्भुत उत्सव

सिंहस्थ

कुंभ महापर्व उज्जैन

22 अप्रैल - 21 मई, 2016

स्नान पर्व

1.	सिंहस्थ प्रथम पर्व स्नान	- 22 अप्रैल, 2016
2.	पंचशनि यात्रा	- 1 से 6 मई, 2016
3.	वरुथिनी एकादशी	- 3 मई, 2016
4.	पर्व स्नान	- 6 मई, 2016
5.	अक्षय तृतीया	- 9 मई, 2016
6.	शंकराचार्य जयंती	- 11 मई, 2016
7.	वृषभ संक्रांति	- 15 मई, 2016
8.	मोहिनी एकादशी	- 17 मई, 2016
9.	प्रदोष पर्व	- 19 मई, 2016
10.	नृसिंह जयंती पर्व	- 20 मई, 2016
11.	शाही स्नान	- 21 मई, 2016

पवित्र पंचक्रोशी यात्रा एक से 6 मई 2016 तक होगी।

म.प्र. माध्यम/77822/2015

क्षिप्रा के तट पर अमृत का मेला

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट देखें : www.simhasthujjain.in www.mp-tourism.com/simhastha-kumbh

D77999

महिलाओं को अपने खान पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि उन्हें ऑफिस के साथ घर का काम भी संभालना होता है। कई बार महिलाएं सबका ख्याल रखने में अपना ध्यान रखना भूल जाती हैं। कामकाजी महिलाओं को अपने खाने में उन्हीं चीजों को शामिल करना चाहिए, जिससे उन्हें भरपूर पोषण मिले। घर व बाहर का काम करते हुए अक्सर महिलाएं जल्दीबाजी में अपनी सेहत का ख्याल नहीं रखती है। जबकि कामकाजी महिलाओं का खान-पान आम महिलाओं की अपेक्षा और भी न्यूट्रीशियस और स्वास्थ्यवर्धक होना चाहिए। ऐसे में महिलाओं को कुछ ऐसा खाना चाहिए जिससे उन्हें ऊर्जा मिल सकें।

वर्किंग वुमन की डाइट-चार्ट

कामकाजी महिलाओं को अपना एक डाइट चार्ट बनाना चाहिए और उसी के अनुसार चलना चाहिए। उनके खाने में विटामिन,जिंक,प्रोटीन और कैल्शियम की भरपूर मात्रा होनी चाहिए।

नाश्ता

कामकाजी महिलाओं को सुबह का नाश्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि सुबह के समय आपके शरीर को ऊर्जा की जरूरत होती है, ऐसे में नाश्ता बहुत जरुरी है। घर से निकलने से पहले नाश्ते में आप दूध, दलिया, कॉर्नफ्लेक्स या सैंडविच खा सकती हैं। सुबह के नाश्ते में विटामिन ए वाले फल जैसे सेब, पपीता व स्ट्राबेरी खाना काफी फायदेमंद होता है। समय की कमी के चलते अगर आप यह सब नहीं खा सकती हैं तो सिर्फ एक गिलास दूध और कोई फल भी ले सकती हैं। इसके अलावा थोड़े से ड्राईफ्रूट्स अपने साथ रख लें समय मिलने पर खा लें।

लंच

कामकाजी महिलाओं के लंच व नाश्ते में चार से पांच घंटे का ही अंतर होना चाहिए। लंच में स्वास्थ्यवर्धक आहार होना चाहिए जिससे आप चुस्त दुरुस्त रहें। अपने लंच में सब्जी, दाल, दही व चपाती को शामिल करें। हरी सब्जियां काफी फायदेमंद होती हैं जैसे ब्रोकली, पालक आदि का सेवन करें या कम तेल में बनी पनीर की भुजिया भी लंच में ले सकती हैं। अगर आप अंडा खाती है तो हरी सब्जी और दाल की जगह अंडे की भुजिया खा सकती हैं। लंच में सलाद का सेवन जरूर करें। सलाद में शिमला मिर्च, खीरा, ककड़ी, सलाद का पत्ता, किशमिश और थोड़ा-सा नींबू डालकर खाएं। जिससे इसका स्वाद बढ जाएगा।

स्नैक्स

अक्सर काम के दौरान शाम के समय भूख लग जाती है और आप कुछ अनहेल्थी चीजों का सेवन कर लेती हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। ऐसे में आप अपने साथ कोई फल या स्प्राउट्स रख लें और शाम के समय स्नैक्स के तौर पर उसे खाएं। इससे आपकी भूख भी मिट जाएगी और यह आपके लिए हेल्थी भी है।

डिनर

रात का खाना हमेशा सोने से दो या ढाई घंटे पहले खा लेना चाहिए। इससे खाने को पचने का पूरा समय मिल जाता है। रात में बिना खाना खाए नहीं सोना चाहिए। खाने में अधिक तली भुनी चीजों का सेवन नहीं करें। कोशिश करें कि गेंहू की चपाती और कम मसालेवाली सब्जी खाएं। ऐसा खाना पचने में आसान होता है और इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है।

Dr. Rathi's Mind Center

Dr. Pawan Rathi

M.D. (Psychiatry), Mumbai
D.P.M. (Psy. Medicine)
Consulting Psychiatrist Sexologist
& DE- Addiction Specialist
Mob. 99932-24883
Email: drpawanrathi@yahoo.co.in
Website: psychiatristinindore.com

सुविधाएं
• अवसाद • उन्माद • स्किझोफ्रेनिया • पैनिक अटेक • फोबीया
• अत्याधिक चिंता • हिस्टेरिया • मिर्गी • सिरदर्द • नींद संबंधी
• शारीरिक बीमारीयां • बालमनोरोग • वृद्धावस्था की मानसिक समस्याऐं • नशामुक्ति • सेक्स संबंधी

Facilities
• Treatment of Psychoogical Health Problem. • De-Addiction & Rehabilitation.
• Headache Clinic. • Memory Clinic. • Parent & Child Guidance.
• I.Q. Testing & Personality Testing. • Academic & Marriage Counseling.
• Sex Therapy & Education. • Yoga, Meditation & Relaxation Therapy.
• E.E.G. (Brain Mapping).

Appointment Only : 0731-4061883

क्लिनिक–1 101, रॉयल ग्लोरी, सयाजी होटल सर्कल, विजय नगर, इन्दौर समय: 1 से 4 बजे तक, शाम 8 से 9 बजे तक
क्लिनिक–2 208, बंसीवाल टॉवर, अग्रेसन चौराहा, सपना संगीता रोड, इन्दौर समय: 6 से 7.30 बजे तक

सिंहस्थ कब-कब

बृहस्पति एक राशि में 361 दिन करते भ्रमण, तब आता है सिंहस्थ

तीन बिंदुओं का मिलन, जीरो रेखांश से संबंधित

यहां दो प्रकार के मत बताए गए हैं। पहला यह शिप्रा के तट पर बसी उज्जयिनी, जो मोक्षदायिनी शिप्रा के नाम से जानी जाती है। दूसरा महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, जिसका शिव महापुराण में विशेष उल्लेख है। इसके अंतर्गत भगवान महाकालेश्वर ने अघोर पंथ के तीन बिंदुओं का समायोजन उज्जयिनी के जीरो रेखांश से संबंधित बताया है, और भी अन्य कई कारण हैं, जिसमें उज्जैन की महिमा का देवता तथा यक्ष, गंधर्व, नाग आदि द्वारा विशेष स्तुति गायी गई है, यही कारण है कि वर्षभर यहां अलग-अलग देवी-देवताओं के व्रत, त्योहार, उपवास आदि आते रहते हैं।

भारतीय ज्योतिष शस्त्र तथा नक्षत्र मेखला की गणनानुसार देखा जाए लगभग 12 वर्ष बाद सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होता है। सिंहस्थ की दृष्टि से देखें तो सिंह राशि के बृहस्पति तथा मेष राशि के सूर्य की साक्षी में सिंहस्थ महापर्व का आयोजन होता है। गणना तथा तिथि सिद्धांत के अनुसार देखा जाए, तो बृहस्पति का एक राशि में परिभ्रमण की स्थिति 361 दिन की होती है, इस अनुसार सिंहस्थ महापर्व लगभग 12 वर्ष में अपनी परिक्रमा का बृहस्पति का अनुक्रम समाप्त होता है। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डिब्बावाला ने बताया पंचांग की गणना के अनुसार सिंहस्थ में वार, तिथि, योग, नक्षत्र, करण इन पांच अंगों का विशेष महत्व है। सिंहस्थ महापर्व पर सभी दिव्य संयोग पंचांग के पांच अंगों से आगे बढ़ते हैं। जैसे - चैत्र मास की पूर्णिमा से लेकर वैशाख पूर्णिमा तक सिंहस्थ का आयोजन एक माह का माना गया है, किंतु इसमें भी विशेष तिथि तथा योग एवं नक्षत्र पर बल दिया जाता है।

एक विशेष सत्य यह भी

एक विशेष सत्य यह भी है कि संपूर्ण भारत में सिंहस्थ महापर्व काल उज्जैन तीर्थ पर विशेष तौर पर आयोजित किया जाता है। पौराणिक मान्यतानुसार स्कंधपुराण के अवंति खंड में सागर भाग को देखें, तो सनातन आदि ऋषियों, मंहतों द्वारा उज्जैन महिमा का विशेष उल्लेख किया गया है।

देवी-देवताओं से परिपूर्ण है उज्जयिनी की भूमि

उज्जैन की भूमि देवी-देवताओं से परिपूर्ण है। यहां उत्तर वाहिनी शिप्रा, दक्षिणेश्वर ज्योतिर्लिंग श्रीमहाकाल, दक्षिणेश्वरी महाकाली हरसिद्धि, दक्षिणी तंत्र प्रधान अष्ट महाभैरव, अष्ट विनायक गणेश सहित नव नाथ, तंत्र सिद्ध स्थली, ओखरेश्वर, महाशक्तिभेद श्मशान तीर्थ, चक्रतीर्थ, चौरासी महादेव, नव नारायण आदि विशेष देव तथा देवियों से परिपूर्ण यह उज्जयिनी समस्त तीर्थों से तिल भर बड़ी एवं धर्म-कर्म के क्षेत्र में प्रबल मानी गई है।

तीर्थों से अधिक पुण्य फलदायी

धर्म शास्त्र के अंतर्गत लिखा हुआ व्रतों का पुण्य फल, स्नान, दान, धर्म, शिक्षा, दीक्षा, अध्यात्म, संन्यास आदि का विशेष पुण्य धर्म शास्त्र एवं पुराणों में बताया गया है, इसलिए उज्जैन के सिंहस्थ की मान्यता अन्य तीर्थों से विशेष बताई गई है।

संपूर्ण™ INVESTIGATION PAR EXCELLENCE

Fully Automated NABL Accredited Pathology

NABL Accredited Cert.No. M-0323 INDORE

सुविधाएँ

• एम.आर.आई. • 128 स्लाइस सीटी स्कैन • ए.आर.एफ.आई. इलास्टोग्राफी • 3डी/4डी सोनोग्राफी • कलर डॉप्लर • डिजिटल एक्स-रे • स्कैनोग्राम • मैमोग्राफी • डेक्सा मशीन द्वारा बीएमडी • ओ.पी.जी. • सी.बी.सी.टी. • टी.एम.टी. • होल्टर एग्जामिनेशन • ऑटोमेटेड माइक्रोबायोलॉजी एवं पैथोलॉजी • ईको कार्डियोग्राफी • ई.एम.जी./एन.सी.वी. • ई.ई.जी. • कम्प्यूटराईज्ड ई.सी.जी. • पी.एफ.टी. • सामान्य हेल्थ चेक-अप • प्री इंश्योरेंस मेडिकल चेकअप

SODANI DIAGNOSTIC CLINIC

L.G.-1, Morya Centre, 16/1, Race Course Road, Indore (M. P.)
Ph.: 0731-2430607, 6638281 Customer Care: 1800-102-8281

सोरियासिस से छुटकारा

फटी एड़ियां एवं हाथ का होम्योपैथी द्वारा सरल उपचार

ईलाज से पहले

ईलाज के बाद

ईलाज से पहले

ईलाज के बाद

सोरियासिस पर भारी सोरायसिस की बीमारी

सोरियासिस चमड़ी की एक ऐसी बीमारी है जिसमें त्वचा के ऊपर मोटी परत जम जाती है। दरअसल चमड़ी की सतही परत का अधिक बनना ही सोरियासिस है। सामान्यतः हमारी त्वचा पर लाल रंग की सतह के रूप में उभरकर आती है और स्केल्प (सिर के बालों के पीछे) हाथ-पांव अथवा हाथ की हथेलियों, पांव के तलवों, कोहनी, घुटनों और पीठ पर अधिक होती है।

खूबसूरती का दुश्मन एक्जिमा

एक्जिमा रोग शरीर की त्वचा को प्रभावित करता है और यह एक बहुत ही कष्टदायक रोग है। यह रोग स्थानीय ही नहीं बल्कि पूरे शरीर में हो सकता है। होम्योपैथिक दवाईयों द्वारा बिना कोई लगाने की दवा दिए एक्जिमा ठीक हो रहा है।

एडवांस्ड होम्यो-हेल्थ सेंटर

एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च प्रा.लि., इन्दौर

मयंक अपार्टमेंट (ग्राउंड फ्लोर), मनोरमागंज, गीता भवन चौराहा से गीता भवन मंदिर रोड़, इन्दौर

मो. : 98260-42287, 94240-83040, हेल्प लाईन : 99937-00880, 90980-21001

Phone : 0731-4064471, E-mail : drakdindore@gmail.com,
visit us at : www.homoeoguru.in, www.sehatsurat.com www.homeopathyclinics.in

इन्दौर, मध्यप्रदेश तथा पूरे भारत में हमारी कहीं और कोई शाखा नहीं है

क्लिनिक का समय : सोमवार से शनिवार शाम 5 से 9, रविवार सुबह 11 से 2 तक

हमारे द्वारा ठीक हुए मरीजों के विडियो कृपया YouTube पर अवश्य देखें

RNI No. MPHIN/2011/40959

डाक पंजीयन क्रमांक MP/IDC/1395/2015-2017

प्रत्येक माह की 6 तारीख को प्रकाशित

हमारे द्वारा ठीक हुए मरीजों के विडियो कृपया YouTube पर अवश्य देखें

4 माह की होम्योपैथिक दवाईयों के सेवन से ऑस्टियोपोरोसिस हुआ ठीक

Name :Mrs. SHAILA RAGHUVANSHI
UHID NO. :18507
er :58 Yr 0 Month 0 Day /F
Dept Ref No :10025131
By :Dr.DWIVEDI A K
Bill Date :18/06/2013
No :14566
Result Date :19/06/2013
By :

BOTH HAND AP

- Small joints of hand show normal joint space.
- Articular margins are smooth & regular.
- Generalised osteoporosis is seen.
- Soft tissue swelling in P.I.P. joints of middle & ring fingers.

हमारे सेंटर पर प्रथम बार आने के समय की एक्स-रे रिपोर्ट

Name :Mrs. SHAILA RAGHUVANSHI
UHID NO. :18507
er :58 Yr 0 Month 0 Day /F
Dept Ref No :10051876
By :Dr.DWIVEDI A K
Bill Date :15/10/2013
No :36436
Result Date :15/10/2013
By :

BOTH HANDS AP VIEW

- Small joints of hand show normal joint space.
- Articular margins are smooth & regular.
- Density of small bones of hand is within normal limits.

4 माह की होम्योपैथिक दवा के सेवन के बाद एक्स-रे रिपोर्ट

मैं, शैला रघुवंशी (58 वर्ष) निवासी पहाड़रिंहपुरा, खरगोन जोड़ों के दर्द से काफी परेशान थी, डॉक्टरों ने मुझे आस्टियोपोरेशिस एवं आस्टियो आर्थराईटिस बीमारी बताया था, मैं काफी निराश हो गई थी, मैंने दिनांक 18 जून 2013 को डॉ. ए.के. द्विवेदी को दिखाया, उनकी मात्र 4 माह की होम्योपैथिक दवा से मेरी आस्टियोपोरेशिस बीमारी बिलकुल ठीक हो गई। मेरी एक्स–रे रिपोर्ट भी नार्मल आ गई। मुझे अब चलने में जरा भी परेशानी नहीं होती है।

धन्यवाद डॉ. द्विवेदी जी, धन्यवाद होम्योपैथी

शैला रघुवंशी

The complete health solution

एडवांस्ड होम्यो-हेल्थ सेंटर एवं होम्योपैथिक मेडिकल रिसर्च प्रा. लि.

Helpline:
9993700880
9098021001

8/9, मयंक अपार्टमेंट, मनोरमागंज, गीताभवन मंदिर रोड, इंदौर
फोन : 0731-4064471 मोबाइल-98260 42287, 94240 83040
E-mail : drakdindore@gmail.com
Visit us: www.homoeoguru.in & www.sehatsurat.com

समय : सोमवार से शनिवार शाम 5.00 से 9.00 रविवार 11.00 से 2.00

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक डॉ. अश्विनी कुमार द्विवेदी* द्वारा 22-ए, सेक्टर-बी, बख्तावरराम नगर, इन्दौर मो.: 9826042287 से प्रकाशित एवं मार्क्स प्रिंट, 5, प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित। प्रकाशित रचनाओं से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।

Visit us : www.sehatsurat.com www.facebook.com/sehatevamsurat